अतिथि व्याख्यान संस्कृत विभाग

अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 12 फरवरी, 2018 को संस्कृत विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। ज्वाहार लाल नेहरू विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग से प्रोफेसर सुधीर आर्य को अतिथि व्याख्यान हेतु आमन्त्रित किया। प्रोफेसर सुधीर आर्य ने शीर्षक **'संस्कृत : आधुनिक महत्त्व'** विषय पर अपने विचार विद्यार्थियों के साथ सांझा किये। संस्कृत विषय के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश ड़ाला और आधुनिक सम्दर्भ में संस्कृत के महत्त्व पर चर्चा की। संस्कृत विषय से जुड़े हुए अनेक भविष्य सम्बन्धित सोपान विद्यार्थियों के समक्ष रखें। भारतीय और पाश्चात्य संस्कृति को स्पष्ट करते हुए, भारतीय संस्कृति के अनमोल झरोखों को चित्रों और उदाहरणों के माध्यम से प्रदर्शित किये। छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उन्होंने बहुत संतोषजनक ज़वाब दिया। यह व्याख्यान प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन में विभागाध्यक्षा डॉ पूजा सैनी द्वारा आयोजित किया गया। इसमें पुस्तकालय विभागाध्यक्ष डॉ. रामचन्द्र का पूर्ण सहयोग रहा।